भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2131

उत्तर देने की तारीख: 12.05.2016

जम्मू और कश्मीर के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति

2131. मीर मोहम्मद फ़ैयाजः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि एकता को बढ़ावा देने के लिए जम्मू कश्मीर के उन छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए 1200 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं जो जम्मू कश्मीर के अतिरिक्त देश के अन्य राज्यों में स्थित विभिन्न महाविद्यालयों में पढ़ रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार जम्मू और कश्मीर राज्य के अन्दर भी छात्रवृत्ति प्रदान करने पर विचार कर रही है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क): जी, हां।

(ख): योजना की परोक्ष भावना जम्मू और कश्मीर के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराना और उन्हें राज्य से बाहर उच्चतर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। यह उन्हें देश के शेष भागों की उच्चतर शैक्षिक संस्थाओं से लाभ लेने में समर्थ बनाती है और उनकी अलगाव की भावना महसूस करने का समाधान प्रदान करते हुए उन्हें, विभिन्न राज्यों के उनके प्रतिस्थानियों से संपर्क करने और आपसी तालमेल बनाने का अवसर भी प्रदान करती है।

*****